# सकारात्मक आउटलुक के बीच वेदांता का शेयर सर्वकालिक उच्च स्तर 599.80 पर

**लखनऊ।** वेदांता लिमिटेड (वेदांता) का शेयर बुधवार के इंट्रा-डे कारोबार में एनएसई पर ₹599.80 के नए उच्च स्तर पर पहुंच गया। कारोबार के दौरान इसमें ~2% की तेजी दर्ज की गई और यह अपने 52 सप्ताह के उच्च स्तर पर बंद हुआ। बीते एक महीने में कंपनी का शेयर करीब 20% चढ़ा है, जिसका प्रमुख कारण कंपनी की डीमर्जर योजना को नियामकीय मंजूरी मिलने को लेकर बना सकारात्मक माहौल है। ब्रोकरेज फर्म्स वेदांता समूह को लेकर सकारात्मक रुख बनाए हुए हैं। एल्यूमिनियम, जिंक और सिल्वर में स्वस्थ मांग, इनके नए-नए उपयोगों में बढ़ोतरी और परिचालन दक्षता में सुधार के बीच समूह की रणनीतिक क्षमता विस्तार योजनाओं को मजबूती मिल रही है। वेदांता समूह के चेयरमैन अनिल अग्रवाल सिल्वर को लेकर लगातार आशावादी बने हुए हैं। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, "इस साल सिल्वर ने अपने कीमती धातु भाई गोल्ड की छाया से बाहर निकलकर शानदार प्रदर्शन किया है। डॉलर के लिहाज से सिल्वर में साल-दर-साल 125% की बढ़त दर्ज हुई है, जबकि गोल्ड ने भी अच्छा प्रदर्शन करते हुए 63% रिटर्न दिया। सिल्वर की कहानी अभी शुरू ही हुई है।" 16 दिसंबर को कंपनी की लंबे समय से लंबित डीमर्जर योजना को एनसीएलटी से मंजूरी मिलने के बाद वेदांता के शेयर में लगातार छठे कारोबारी सत्र में तेजी देखने को मिली।